

आपकी खबरों का संसार...

RNI No.-RJHIN/2015/63826

# अतुल्य संसार

संस्करण: जयपुर

हिन्दी समाचार पत्र...

web: www.atulyasansar.com

Digital Edition

www.liveworldnews.in



शिक्षा जगत में... पेज 2

ईरानी सुप्रीम लीडर... पेज 3

वर्षः 10 | अंकः 362 | जयपुर, रविवार 12 जुलाई, 2026 | मूल्यः 2 रुपए | पृष्ठः 4


## हाईकोर्ट ने पूछा-आवासीय भवन में संचालित कोचिंग वैध या नहीं

### सरकार और अधिकारियों को रिपोर्ट पेश करने के आदेश, 23 जुलाई को होगी अगली सुनवाई





**जोधपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने एक याचिका की सुनवाई के दौरान धार्मिक स्थल की आड़ में संभावित अतिक्रमण और आवासीय क्षेत्र में संचालित कोचिंग संस्थान की वैधता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने राज्य सरकार और संबंधित अधिकारियों को विस्तृत तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने राजेंद्र प्रसाद मित्तल की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि यह स्पष्ट किया जाए कि क्या राजस्थान धार्मिक भवन एवं स्थान अधिनियम, 1944 के प्रावधानों के विपरीत कहीं भी मंदिर या धार्मिक निर्माण किया जा सकता है।

### अधिकारी नहीं सुनते

कोर्ट ने यह भी जानना चाहा कि क्या धार्मिक भावनाओं की आड़ में सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण को वैध माना जा सकता है। याचिकाकर्ता का कहना है कि उनके कार्यस्थल के बाहर स्थित मंदिर परिसर में असामाजिक तत्व एकत्र होकर नशा करते हैं, जिसकी शिकायत अधिकारियों से की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### 23 जुलाई को होगी अगली सुनवाई

हाईकोर्ट ने साथ ही यह भी जांचने के निर्देश दिए कि आवासीय भवन में किराए पर संचालित कोचिंग संस्थान संबंधित नियमों के अनुरूप वैध हैं या नहीं। कोर्ट ने संबंधित अधिकारी को रिपोर्ट सहित अगली सुनवाई पर उपस्थित रहने के आदेश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 23 जुलाई को होगी।

## नगर निगम कमिश्नर ने किया हिंगोनिया गौशाला का निरीक्षण

### कसेरा बोले- हिंगोनिया से जनता को जोड़ेंगे, 17 हजार से ज्यादा गोवंश की करेंगे बेहतर सेवा



**जयपुर।** जयपुर नगर निगम अब हिंगोनिया गोशाला को आमजन से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाने की तैयारी कर रहा है। नगर निगम कमिश्नर ओम कसेरा ने शनिवार को हिंगोनिया गोशाला का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि गोशाला में सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक, सुव्यवस्थित और बेहतर तरीके से संचालित हो रही हैं। यहां मौजूद 17 हजार से अधिक गोवंश है, फिर भी आम जनता यहां ज्यादा नहीं आती है। ऐसे में जनता कैसे ज्यादा से ज्यादा यहां पहुंचे और गोवंश की सेवा करें। इसको लेकर जल्द ही नया प्लान तैयार किया जाएगा।

### कसेरा बोले- गोवंश की सेवा और संरक्षण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी

कसेरा ने बताया कि हिंगोनिया स्थित गोपुनर्वास केंद्र का संचालन नगर निगम के सहयोग से अक्षय पात्र फाउंडेशन के कृष्ण बलराम ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है। ट्रस्ट की ओर से गोवंश के भोजन, चिकित्सा, रख-रखाव और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का प्रभावी ढंग से संचालन किया जा रहा है, जिससे यहां आने वाले पशुओं को बेहतर संरक्षण मिल रहा है। कसेरा ने कहा कि गाय भारतीय संस्कृति, परंपरा और आस्था का अभिन्न हिस्सा है। गोवंश हमारे लिए केवल पशु नहीं, बल्कि पूजनीय और पवित्र है। ऐसे में उनकी सेवा और संरक्षण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसी भावना के साथ नगर निगम और कृष्ण बलराम ट्रस्ट मिलकर हिंगोनिया गोशाला को और अधिक विकसित करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

## राजस्थान के 35-शहरों में रोबोट से होगी सीवरेज की सफाई

**जोधपुर।** राजस्थान के कई शहरों में अब सीवरेज चैंबर की सफाई रोबोट से की जा रही है। चैंबर की सफाई के लिए अब न तो किसी कर्मचारी को गंदगी में उतरने की जरूरत पड़ रही है। न ही जिंदगी दांव लगाने की जरूरत पड़ेगी। ये अकेला रोबोट पांच से 6 लोगों का काम कर लेता है। महज 30 से 40 मिनट में पूरे सीवरेज चैंबर की सफाई हो जाती है। खास बात ये है कि इस रोबोट में लगे कैमरे पूरे सीवरेज की लाइव स्ट्रीम स्क्रीन पर बताते रहते हैं। इतना ही नहीं सीवरेज चैंबर में कौनसी जहरीली गैस कितनी मात्रा में है, ये तक बता रहा है। जेन रोबोटिक इनोवेशन कंपनी के इस बैंडीकूट रोबोट से राजस्थान में 35 से ज्यादा शहरों में सीवरेज चैंबर की सफाई होगी। वहीं जोधपुर, भीलवाड़ा में इस बैंडीकूट रोबोट का ट्रायल चल रहा है। राजधानी जयपुर में 3 मशीनों ने काम करना शुरू कर दिया है। इस 'बैंडीकूट' रोबोट में चार कैमरे लगे हैं, जो पूरे सीवरेज चैंबर की लाइव स्ट्रीमिंग बाहर लगे मॉनिटर पर दिखाते हैं। साथ ही इसमें एआई बेस्ड लेग और हैंड भी लगे हैं। जो मशीन को खड़ा करने और इसकी सफाई के लिए काम में आते हैं।

# जजेज ने जांची लग्जरी बसें, 6बसें सीज, 16 के चालानः बस अग्निकांड की घटनाओं के बाद रालसा चला रहा अभियान







**जयपुर।** प्रदेश में बस अग्निकांड की बढ़ती घटनाओं के बाद राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (रालसा) ने प्रदेश में लग्जरी बसों की चैकिंग का एक महीने का अभियान चला रखा है। इसमें जयपुर सहित 7 प्रमुख शहरों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव (जज) लंबी दूरी की लग्जरी बसों में सुरक्षा मानकों की जांच कर रहे हैं। जयपुर में शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महानगर प्रथम और द्वितीय के सचिवों ने अपने-अपने क्षेत्र में लग्जरी बसों की जांच की। डीएलएसए मेट्रो-1 के सचिव (जज) किशोर कुमार तालेपा ने आगरा रोड पर रिंग रोड के पास लग्जरी बसों की जांच की। इसमें उन्होंने सुरक्षा मानकों की पालना नहीं करने वाली 4 बसों को सीज किया। वहीं 9 बसों के चालान किए। उन्होंने करीब 5 लाख 26 हजार के चालान किए।

### परमिट और फिटनेस सस्पेंड

वहीं, जयपुर विधिक सेवा प्राधिकरण महानगर द्वितीय की सचिव (जज) पल्लवी शर्मा ने भांकरोटा बस स्टैंड पर बसों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में बसों के इमरजेंसी गेट और विंडो के सामने अतिरिक्त सीट-बर्थ लगाई गई थी। सचिव ने मौके पर ही ऐसी 2 बसों को सीज किया और 7 बसों के चालान किए। उन्होंने परिवहन और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि नियमों का उल्लंघन करने वाली बसों पर केवल जुर्माना ही नहीं लगाया जाए। ऐसी बसों के परमिट और फिटनेस सर्टिफिकेट तुरंत निलंबित किए जाए और मॉडिफाइड बसों को जब्त किया जाए।

## राजस्थान में कमजोर पडा मानसून:24 जिलों में सामान्य या कम पानी बरसा, 30 प्रतिशत बुआई कम हुई, जानें- कब से बदलेगा मौसम

**जयपुर/बीकानेर।** राजस्थान में मानसून की रफ्तार अब कमजोर हो गई है। मौसम विभाग ने शनिवार को श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनूं, कोटपूतली-बहरोड़, अलवर, डीग, भरतपुर और धौलपुर जिलों में बारिश की उम्मीद जताई है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। बीते 24 घंटे में अलवर श्रीगंगानगर, चूरू में सबसे ज्यादा बारिश हुई। अब 15 जुलाई से मानसून के फिर से तेजी पकड़ने की उम्मीद है। राजस्थान के 24 जिले ऐसे हैं, जहां सामान्य या कम बारिश हुई है। कम बारिश के कारण 34 जिले खरीफ की बुआई में पिछड गए हैं। पिछले साल के मुकाबले इस साल अब तक 30 प्रतिशत बुआई कम हुई है।





### मानसून के बडे अपडेट्स

चूरू में सबसे ज्यादा बारिश- पिछले 24 घंटों के दौरान चूरू में जहां सबसे ज्यादा 25.6 एमएम बारिश दर्ज की गई। वहीं, झुंझुनूं के पिलानी में 10.1 एमएम और सीकर में 4 एमएम बारिश हुई। अलवर, श्रीगंगानगर में शनिवार को बरसात हुई।

**श्रीगंगानगर सबसे गर्म, बीकानेर भी पीछे नहीं:** पश्चिमी राजस्थान में तापमान का ग्राफ बढ़त की ओर रहा। श्रीगंगानगर में प्रदेश का अधिकतम तापमान सबसे ज्यादा 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, जैसलमेर में 39.8 डिग्री, फलोदी में 39.8 डिग्री और बीकानेर में 39.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। चूरू में बारिश के बाद भी पारा 37.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

**इन जिलों में बारिश की संभावना:** मौसम विभाग ने पूर्वी और पश्चिमी राजस्थान के लिए अलग-अलग पूर्वानुमान जारी किया है। इसके तहत पूर्वी राजस्थान के जयपुर, भरतपुर, कोटा और उदयपुर संभागों में 16 जुलाई तक कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना है। बीकानेर संभाग में भी बारिश हो सकती है। इसके अलावा सिरोही, उदयपुर, झालावाड़ और बारां जिलों में बारिश हो सकती है।

### राजस्थान के बड़े शहरों का मौसम

मौसम विभाग के अनुसार, आगामी दिनों में बारिश की संभावना है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान जहां 35 डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं आ रहा है, वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से करीब 2 डिग्री सेल्सियस 28.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। पिछले चौबीस घंटे में डेड डिग्री सेल्सियस पारा बडा है।

**जोधपुरः** जिले में अब तक सामान्य से करीब 5 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। शुक्रवार को बादलों की आवाजाही और हवा के कारण तापमान में गिरावट आई। अधिकतम तापमान 36.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 5.0 डिग्री कम रहा। वहीं, न्यूनतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 1.1 डिग्री अधिक रहा।

**कोटाः** शुक्रवार को अधिकतम तापमान 35.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस रहा। दिनभर हवा थमी रहने और तेज उमस के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**उदयपुरः** शुक्रवार सुबह और शाम आसमान में बादल छाए रहे और ठंडी हवा चली। मौसम केंद्र डबोक के अनुसार, शहर का अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुरुवार के मुकाबले अधिकतम तापमान में 0.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान में 1.4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

**सीकरः** जिल में अब तक मानसून कमजोर रहा है। शुक्रवार सुबह से ही तेज धूप खिली रही, हालांकि शाम को हल्के बादलों के बीच हवा चली। मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को दिन का तापमान 35.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**अजमेरः** शुक्रवार को अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह के समय हवा में नमी 77 प्रतिशत रहने से उमस महसूस हुई। दोपहर में नमी घटकर 53 प्रतिशत होने और धूप निकलने से गर्मी बढ़ गई। हालांकि, बीच-बीच में चलने वाली हल्की हवा से थोडी राहत मिली।

**अलवरः** शुक्रवार शाम हुई झमाझम बारिश से गर्मी-उमस से राहत मिली। इससे पहले दिनभर हवा चली। दोपहर में तेज धूप के कारण गर्मी भी महसूस हुई। अधिकतम तापमान करीब 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने शुक्रवार और शनिवार के लिए बारिश, मेघगर्जन और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है।

# जैसलमेर रेलवे स्टेशन पर अब एयरपोर्ट जैसी मॉडर्न सुविधाएं

### 140 करोड़ की लागत से बनकर तैयार, पीले पत्थरों से आया हेरिटेज लुक

**जैसलमेर।** जैसलमेर का रेलवे स्टेशन अब पूरी तरह से बदल चुका है। केंद्र सरकार की 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत लगभग 140 करोड़ रुपए की लागत से इसका नया रूप तैयार किया गया है। अब यह स्टेशन मॉडर्न सुविधाओं से लैस किया गया, साथ ही जैसलमेर की ऐतिहासिक पहचान भी बिल्डिंग में दिखाई देगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के अनुसार, स्टेशन की नई तीन मंजिला इमारत को बनाने में यहां के प्रसिद्ध स्वर्णिम पीले पत्थरों का इस्तेमाल किया गया है, जिससे इसका लुक महल जैसा नजर आए। यात्रियों के लिए 10 लिफ्ट, 10 एस्केलेटर और एक शानदार रेल कोच रेस्टोरेंट जैसी सुविधाएं शुरू की गई हैं। यह नया स्टेशन आने वाले पर्यटकों के लिए सफर को आसान बनाएगा और स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देगा।



### एयरपोर्ट जैसी मॉडर्न सुविधाएं मिलेगी

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया- पर्यटकों के पसंदीदा शहर जैसलमेर का नया रेलवे स्टेशन बनकर पूरी तरह तैयार है। इसे शहर की संस्कृति को ध्यान में रखकर बेहद खूबसूरत और भव्य बनाया गया है। इसके विशाल प्रवेश और निकास द्वार यात्रियों को एक अलग ही अहसास कराएंगे। स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों, बुजुर्गों और दिव्यांगों की सुविधा का खास ख्याल रखा गया है। पूरे स्टेशन परिसर में 10 लिफ्ट और 10 एस्केलेटर (चलती सीढ़ियां) लगाई गई हैं। इसके साथ ही, प्लेटफॉर्म को आपस में जोड़ने के लिए 6 मीटर चौड़े दो नए पुल (फुट ओवरब्रिज) बनाए गए हैं। यात्रियों के बैठने के लिए एक बड़ा वेटिंग एरिया, आधुनिक लाउंज और तीनों प्लेटफॉर्मों पर 10 हजार वर्गमीटर से ज्यादा हिस्से में नया शेड लगाया गया है, जिससे यात्रियों को धूप या बारिश की परेशानी न हो।

### रेलवे को हर साल होगी 50 लाख की कमाई

जैसलमेर में हर साल लाखों देसी-विदेशी पर्यटक आते हैं। इसे देखते हुए स्टेशन पर कमाई के नए तरीके भी शुरू किए गए हैं। स्टेशन की खाली जमीनों और दुकानों को प्राइवेट कंपनियों को सौंप दिया गया है। यात्रियों के लिए ठहरने के कमरे (रिटायरिंग रूम), डॉरमेटरी, दुकानें और गाड़ियों के लिए बड़ी पार्किंग बनाई गई है।

## डॉक्टर बोले- प्रसूताएं सीरियस थीं,एक को हार्टअटैक आया

### परिजनों का आरोप- पोस्टमॉर्टम किए बिना शव सौंपा, खून चढ़ाया ही नहीं

**बांसवाड़ा/भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा के महात्मा गांधी हॉस्पिटल के मातृ एवं शिशु अस्पताल में 6 दिन में 5 और बांसवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल में 4 दिन में 4 प्रसूताओं की मौत हो चुकी है। इन सभी प्रसूताओं की सिजेरियन डिलीवरी हुई थी। एक प्रसूता के परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रशासन ने मामले को दबाया और बिना पोस्टमॉर्टम करवाए शव सौंप दिया। उनसे इमरजेंसी हालातों में खून मंगवाया, लेकिन चढ़ाया ही नहीं। इसके बाद प्रसूता को मृत घोषित कर दिया। प्रसूताओं की मौतों पर भीलवाड़ा के महात्मा गांधी हॉस्पिटल के सुपरिटेंडेंट ने कहा- हॉस्पिटल में आई महिलाएं सीरियस थी। डॉक्टर्स ने उनको रेफर किए बिना जान बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन बचा नहीं पाए। एक प्रसूता को हार्टअटैक आया था। बांसवाड़ा कलेक्टर ने कहा- मौतों की जांच के लिए कमेटी का गठन किया गया है। ऑपरेशन थिएटर में संक्रमण की आशंका को देखते हुए सैंपल लिए गए हैं। दवाइयों के रिएक्शन के लक्षणों को लेकर भी एनेस्थेटिस्ट की रिपोर्ट और पूरी मेडिकल हिस्ट्री की जांच की जा रही है।

### गंभीर हालत में आई थी प्रसूताएं

बांसवाड़ा कलेक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव ने बताया- अस्पताल में लक्ष्मी (21) पत्नी अरविन्द, लीला (32) पत्नी विजय और रेशमा (28) पत्नी प्रेम और एक अन्य प्रसूता की मौत हुई है। 4 में से 2 प्रसूताओं को बेहद गंभीर स्थिति में अन्य सेंटर्स से यहां रेफर किया गया था। जबकि अन्य 2 केस में सिजेरियन सेक्शन (ऑपरेशन) किया गया था। इसमें से एक की रात में और दूसरी की अगले दिन मौत हुई है।

# पुलिस ने साइबर ठगों के खिलाफ कार्रवाई की

**दीपचंद शर्मा डीग।** पुलिस अधीक्षक डीग श्री शरण गोपीनाथ के. द्वारा जिले में साइबर ठगों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान ''ऑपरेशन एण्टीवायरस'' के तहत डीग पुलिस के थाना जुरहरा द्वारा कार्यवाही करते हुए 05 साईबर ठगो को गिरफ्तार एवं थाना सीकरी द्वारा 01 साईबर ठग को गिरफ्तार कर 01 विधि से संघर्षरत किशोर को निरूद्ध किया है। इनके कब्जे से कुल 06 एन्ड्रॉएड मोबाइल फोन व 10 फर्जी सिम कार्ड को जब्त किया गया- कार्यवाही -1 साईबर ठगी करते हुये 05 साईबर ठग थाना जुरहरा द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से कुल 04 एण्ड्रोइड मोबाइल फोन व 08 फर्जी सिम कार्ड जब्त, सोशल मीडिया पर दुधारू गाय-भैंसों को सस्ते दामों में बेचने का विज्ञापन डालकर पार्टी से सम्पर्क कर गाय-भैंस को पहुंचाने के लिये भाडे के नाम पर फर्जी अकाउण्ट में रूपये डलवाकर करते हैं सायबर ठगी। सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउण्ट बनाकर, शादी करवाने का विज्ञापन डालकर, रजिस्टेड्शन फीस, मैक-अप व कपडों के एडवांस में रूपये डलवाकर आमजन को बनाते थे शिकार थाना जुरहरा गिरफ्तार साईबर ठगः- 1. नजाकत पुत्र सुलेमान जाति मेव उम्र 26 साल निवासी नगला डूबोकर थाना जुरहरा जिला डीग राज. 2. आसिद खान पुत्र सुबान खान जाति मेव उम्र 38 साल निवासी बामनी थाना जुरहरा जिला डीग राज. 3. नफीस पुत्र हस्सन जाति मेव उम्र 21 साल निवासी जुरहरा थाना जुरहरा जिला डीग राज. 4. सुबीन खान पुत्र सुलेमान जाति मेव उम्र 22 साल निवासी नगला डूबोकर थाना जुरहरा जिला डीग राज. 5. आकिप पुत्र बिलाल जाति मेव उम्र 23 साल निवासी हुल्ताना थाना जुरहरा जिला डीग राज0 कार्यवाही -2 सायबर ठगी करते हुए 01 मुलजिम थाना सीकरी द्वारा गिरफ्तार व 01 विधि से सघर्षरत किशोर निरूद्ध, कब्जे से कुल 02 एन्ड्रॉयड मोबाईल फोन मय सिम कार्ड जब्त गिरफ्तार साईबर ठगः- वसीम अकरम पुत्र सेवखान जाति मेव उम्र 19 साल निवासी सैदमपुर थाना गोविन्दगढ जिला अलवर (राज0) के खिलाफ कार्रवाई की।

# किसान, मजदूर, महिला और युवा वर्ग का हो रहा सर्वांगीण विकास-मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



**अजमेर/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने और अगली पीढी के लिए मजबूत बुनियादी ढांचे के निर्माण को लेकर प्रतिबद्ध हैं। हमारी डबल इंजन सरकार धरातल पर काम कर आमजन के जीवन को सुगम बना रही है। रोडमैप बनाकर पानी, बिजली, सडक, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं, जिसका असर धरातल पर दिख रहा है। मुख्यमंत्री शनिवार को अजमेर के केकडी में आयोजित लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले ढाई वर्षों में प्रदेश में 33 हजार करोड रुपये से अधिक की लागत से लगभग 49 हजार किलोमीटर लंबी सडकों का विकास करवाया गया है। साथ ही, 18 हजार किलोमीटर लंबी नई सडकों का निर्माण हुआ है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत 3 हजार किलोमीटर से अधिक लंबी सडकों के उन्नयन, सुदृडीकरण और नवीनीकरण के कार्य हुए हैं। वहीं, रेल नेटवर्क को विकसित करने के साथ ही नए एयरपोर्ट्स के जरिये प्रदेश विकास की नई उडान भर रहा है। उन्होंने कहा कि पानी प्रदेश की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। राज्य सरकार ने प्रमुख जल परियोजनाओं पर फोकस करते हुए हर व्यक्ति तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य तय किया। इसी क्रम में राम जलसेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, देवास परियोजना जैसे कई प्रोजेक्ट्स पर प्रमुखता से कार्य करके दिखाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में चार प्रमुख जातियों किसान, मजदूर, महिला और युवा का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो रहा है। प्रदेश में किसान सम्मान निधि की राशि को 6 हजार से बडाकर 9 हजार रुपये किया, जिसे आने वाले समय में 12 हजार रुपये प्रतिवर्ष किया जाएगा। वहीं, किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाने के साथ ही बिलों में अनुदान दे रहे है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना के जरिये पशुपालकों को 1 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण मिल रहा है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के माध्यम से 22 लाख से अधिक बीमा पॉलिसी की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को सशक्त बनाने के लिए हमारी सरकार रोजगार के साथ स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवा रही है। प्रदेश में अब तक 1 लाख 78 हजार पदों पर नियुक्तियां दी गई हैं तथा 1 लाख से अधिक पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं। निजी क्षेत्र में भी साडे चार लाख युवाओं को रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि डेयरी क्षेत्र में ग्रामीण युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध करवाया जा रहा है। साथ ही, महिलाओं को लखपति दीदी की श्रेणी में लाकर आर्थिक रूप से सशक्त किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि डबल इंजन सरकार के कार्यों से प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से आगे बड रहा है। प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने और समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान रिफाइनरी जैसे विश्व स्तरीय प्रोजेक्ट का लोकार्पण विकास की इसी सकारात्मक सोच का परिणाम है। सांसद मदन राठौड ने कहा कि यमुना के पानी को राजस्थान की धरती पर लाना मुख्यमंत्री का भगीरथी प्रयास है, जिसका लाभ शेखावाटी की जनता को मिलेगा। वहीं, सडक तंत्र को मजबूत बनाने के साथ ही प्रदेश का बिजली उत्पादन में सरप्लस होना भी मुख्यमंत्री की बडी उपलब्धि है।

## मुख्यमंत्री ने किया पौधारोपण, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

मुख्यमंत्री का केकडी पहुंचने पर भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। उन्होंने हेलीपेड के पास राजकीय महाविद्यालय में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद कार्यक्रम स्थल कृषि उपज मंडी प्रस्थान के दौरान मार्ग में विभिन्न स्थानों पर आमजन ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाना, विधायक शत्रुघन गौतम, शंकर सिंह रावत, रामस्वरूप लाम्बा, गोपी चंद मीणा, राजेन्द्र गुर्जर एवं वीरेन्द्र सिंह कानावत सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बडी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने इन विकास कार्यों का किया शिलान्यास

* नसीराबाद-सरवाड-केकडी-देवली फेज-प्रथम फोर लेन
* सिंगावल, गोपालपुरा, भिनाय, टांटोटी रोड, डबरेला एमडीआर सडक
* केरोट, जैतपुरा, चांवडिया, पाडलिया, नागोल, बडला, रघुनाथगड, रामालिया, टांटोटी, केबानिया, भटियानी तक की सडक का सुदृडीकरण और चौडाईकरण * हरपुरा, कुमारिया, हिंगोनिया, लल्लाई, भांटोलाव, सरवाड, जडाना, खांडरा, सांतोलाव, केरियाखुर्द, नागोला सडक
* दतोब, भादू का खेडा, कुहाडा, कनोज, लसाडिया, एकलसिंहा, केकडी सडक

# शिक्षा जगत में नई जिम्मेदारी, सुशील रामुका बने ACBEO II उदयपुरवाटी

### उदयपुरवाटी की शिक्षा व्यवस्था को मिलेगा नया नेतृत्व, सुशील रामुका संभालेंगे ACBEO ll का दायित्व



**उदयपुरवाटी/सुमेर सिंह राव।** क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है कि सुशील रामुका का चयन अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, 2nd (ACBEO ll), उदयपुरवाटी पद पर हुआ है। इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। सुशील रामुका की नियुक्ति पर शिक्षकों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, मित्रों, माँ शाकम्भरी सेवा समिति सकरायधाम के पदाधिकारियों एवं शुभचिंतकों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य तथा सफल कार्यकाल की कामना की है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि श्री सुशील रामुका के अनुभव, कार्यकुशलता एवं शिक्षा के प्रति समर्पण का लाभ उदयपुरवाटी क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को मिलेगा। उनकी नियुक्ति से शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव एवं गुणवत्तापूर्ण विकास की नई संभावनाएँ बढ़ेंगी। कार्यक्रम में लक्ष्मी नारायण बड़ीवाल, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी, डॉक्टर संदीप गुप्ता, महेंद्र सैनी ACBEO, चिरंजीलाल शर्मा, ताराचंद सामोता, नितेश सैनी, राजेंद्र ढेनवाल, विकास योगी, गंगाराम मौर्य, महेंद्र सैनी, राजेंद्र सिंह शेखावत, मोहन सिंह शेखावत, दशरथ सिंह राव ,डॉ संदीप, सुरेंद्र सिंह शेखावत, उद्यमी राठी, प्रकाश सैनी, श्रवण मीणा,रामस्वरूप सैनी, सतीश मिश्रा, गिरधारी राठी, प्रभुदयाल सैनी, दीनदयाल जीनगर, रामबल्लभ खैराड़ी, किशन रामुका, विमल बंसल, सुरेश शाह, पवन शाह, सुनील रामुका, धर्मेंद्र गोयल, सुभाष हरलालका, सुभाष शाह, राजेश चौधरी, सुधीर रामुका, रायसिंह, विजेंद्र सिंह, उमेश मिठारवाल, महेंद्र शर्मा, संजय सैनी, विशाल गुप्ता, विजेंद्र मुंड, रतन सैनी, आशा, देवीपुरा बणी स्टाफ, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं कार्यालय स्टाफ सहित अनेकों लोग मौजूद रहे। सुशील रामुका ने सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ करेंगे तथा शिक्षा के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

# बच्चे के जन्मदिन पर विद्यालय को भेंट किया वाटर कूलर व विद्यार्थियों को खिलाई खीर-मालपुए की दावत

**दीपचंद शर्मा नदबई।** राजकीय बालिका वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय, कवई में भामाशाहों की अनूठी पहल देखने को मिली। नदबई उपखण्ड के गांव कवई निवासी अध्यापक ज्ञानप्रकाश शर्मा ने अपने पुत्र शिवम लवांनियां के चतुर्थ जन्मदिन के शुभ अवसर पर सामाजिक सरोकार की अनोखी परंपरा निभाते हुए विद्यालय को एक वाटर कूलर भेंट किया। तथा साथ ही शर्मा परिवार द्वारा विद्यालय में कृष्णभोग का आयोजन कर समस्त विद्यार्थियों, स्टाफ व एसएमसी सदस्यों को रूचिपूर्वक खीर और मालपुए की स्वादिष्ठ दावत खिलाई। वाटर कूलर की शुरुआत विधिवत पूजा अर्चना कर सर्वप्रथम पांच बालिकाओं को ठण्डा पानी पिलाकर की गई। संस्थाप्रधान धर्मेन्द्र कुमार ने भामाशाह ज्ञानप्रकाश शर्मा और उनके परिवार का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया और बालक शिवम को उपहार भेंट किया। उन्होंने शर्मा परिवार के इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए कहा कि



भीषण गर्मी के मौसम में बच्चों के लिए शीतल जल की व्यवस्था करना बेहद पुण्य का कार्य है। विद्यालय परिवार इस अनूठे सहयोग के लिए शर्मा परिवार का सहृदय आभार व्यक्त करता है। इससे पूर्व भी इन्होंने किसी न किसी नवाचारी रूप से बालक के प्रत्येक जन्मदिन को विद्यालय में मनाया है। इस दौरान शर्मा परिवार के समस्त परिजन, विद्यालय स्टाफ, गांव के गणमान्य नागरिक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने बालक शिवम लवानिया को जन्मदिन की शुभकामनाऐं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक कुलदीप सिंह गडासिया ने किया।

# व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग के नाम पर जनता को परेशान करना बंद करे भाजपा सरकारः प्रताप सिंह खाचरियावास



पूर्व परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि राजस्थान की भाजपा सरकार व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग के नाम पर वाहन मालिकों और आम जनता को परेशान कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की गलत नीतियों और अव्यवस्थित व्यवस्था के कारण हजारों वाहन चालकों को आर्थिक नुकसान और मानसिक परेशानी उठानी पड़ रही है। खाचरियावास ने कहा कि भाजपा सरकार को जनता की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है। मुख्यमंत्री और मंत्री जनता की परेशानी दूर करने के बजाय अपनी जेब भरने में लगे हुए हैं। जनता की मेहनत की कमाई को नए-नए नियमों और योजनाओं के नाम पर अपनी जेब भरना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता पहले ही महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते आर्थिक बोझ से परेशान है, ऐसे समय में व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग के नाम पर अतिरिक्त खर्च और परेशानियां थोपना जनता के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि इससे पहले स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता के साथ धोखा किया गया, नंबर प्लेट के नाम पर जनता को परेशान किया गया और अब व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग के नाम पर लोगों पर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। भाजपा सरकार बार-बार नए नियमों का डर दिखाकर जनता को गुमराह कर रही है और जनता की जेब से पैसा निकालने का काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पूरी व्यवस्था में पारदर्शिता का अभाव है और सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि जनता से वसूले जा रहे पैसे का हिसाब क्या है। यदि व्यवस्था जनहित के लिए है तो जनता को सुविधा मिलनी चाहिए, परेशानियां नहीं। खाचरियावास ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज को मजबूती से उठाएगी। सरकार ने यदि इस जनविरोधी व्यवस्था में सुधार नहीं किया तो कांग्रेस सड़क से लेकर हर आंदोलन में वाहन मालिको का पूरा साथ देगी और जनता के हक की लड़ाई लड़ेगी।

# बावड़ी सरकारी स्कूल में विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित, बच्चों के लिए झूले भी लगाए गए

**सुमेर सिंह राव /उदयपुरवाटी।** समाजसेवा एवं शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल के तहत बावड़ी सरकारी स्कूल में वार्ड क्रमांक 9 में कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों को पार्षद अनिल सैनी के सौजन्य से स्कूल बैग वितरित किए गए। साथ ही विद्यालय परिसर में बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास तथा मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए झूलों की स्थापना भी करवाई गई।



इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराना समाज का दायित्व है। विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखकर सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण सैनी, पार्षद अनिल सैनी, प्राध्यापक तोताराम एवं भाजपा मंडल महामंत्री अशोक सैनी सहित विद्यालय परिवार, शिक्षकगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पूर्व अनिल सैनी ने कहा कि शिक्षा और बाल विकास से जुड़े कार्य सदैव उनकी प्राथमिकता रहेंगे। भविष्य में भी जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए ऐसे जनहित एवं शिक्षा हित के कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# अरावली चेतना संस्थान सेवा समिति की मंथली बैठक का हुआ आयोजन

## कार्यकारी अध्यक्ष सीताराम मावता के अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक

**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** अरावली चेतना संस्थान सेवा समिति की मंथली मीटिंग कार्यकारी अध्यक्ष सीता राम मावता की अध्यक्षता में समस्त हुई।

सर्वप्रथम जोधपुरा जल संघर्ष समिति के ग्राम इकाई अध्यक्ष दिनेश सैनी के असामयिक निधन पर 2 मीनिट का मौन धारण शोक व्यक्त किया गया। तत्पश्चात संयोजक एडवोकेट के के सैनी उदयपुरवाटी ने मंथली प्रोग्रेस रिपोर्ट पेश की, वर्षा के सीजन में पौधारोपण की महतवता बताई,व 500 पेड़ उपलब्ध होना बताया।गुढा में मीणा मोहल्ला में 2 साल से पेयजल सप्लाई बहाली पर पीएचइडी विभाग का घेराव कैंसिल पर सभी ने संतुष्टी जताई। अरावली चेतना संस्थान सेवा समिति के नेतृत्व में टैंकर सप्लाई घोटाला की निष्पक्ष जांच,वन विभाग में हो रहे भ्रष्टाचार की जांच, बिजली विभाग से संबंधित शिकायतों की जानकारी दी गई।इस साल 25000पौधे लगाने का टारगेट को सभी के सहयोग से पूरा करने की बात रखी।इसी क्रम में भागु राम फोजी किशोरपुरा ने जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाने की



शिकायत की, स्मार्ट मीटर, पुराने मीटर से ज्यादा स्पीड से दो तीन गुना ज्यादा बिल आ रहा है।

के के सैनी के संयोजन में श्रीमान भागु राम फोजी किशोरपुरा को उदयपुवाटी जल संघर्ष समिति की तर्ज़ पर उदयपुरवाटी ऊर्जा संघर्ष समिति (स्मार्ट मीटर) का विधानसभा अध्यक्ष व रामपाल वर्मा मणकसास को उदयपुवाटी ऊर्जा संघर्ष समिति को ,विधानसभा उपाध्यक्ष बनाया गया ।अब समस्त बिजली से संबंधित शिकायतों का निवारण इन्हीं का माध्यम से होगा।

इस दौरान बैक खाता खुलाने,ओडिट करवाने, व कार्यकारिणी बढ़ाने का सर्वसम्मति से प्रस्ताव लिया गया। इस दौरान नथू राम ,सीता राम, गिरधारी लाल शर्मा, भागु राम फोजी ने भी अरावली पर्वत श्रृंखलाओं में बसें लोगों की सुरक्षा व पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान देने की बात कहीं।

इसी दौरान उदयपुरवाटी पधारे मेहमान के बतौर महिला कांग्रेस अध्यक्ष शंकुतला यादव, झुंझुनूं प्रभारी महासचिव मंजू चोहान व झुंझुनूं महासचिव ऊषा यादव सहित सभी का पोधा देकर सम्मान किया गया।

जबरदस्ती स्मार्ट

इस दोरान राकेश जमालपुरिया, पीसी कटारिया, मंजू दहिया, संतोष देवी, दुर्गा देवी, पंकज बागोरा,सुशील मेघवाल,रामपाल वर्मा,मेहता देवी,गुलाब शेरावत,ओम प्रकाश,भैरू राम, राधेश्याम कुमावत, सुभाष सैनी, संतरा देवी आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# 11000 नारियलों के साथ एक ही आसन पर 108 बार श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ सम्पन्न हुआ

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**दीपचंद शर्मा जयपुर।** श्री भन्दे बालाजी महाराज की असीम कृपा से श्री हनुमान चालीसा प्रबन्ध समिति के तत्वावधान में संस्थापक संत अमरनाथ महाराज के सानिध्य में भांकरोटा स्थित हेरिटेज रिसॉर्ट्स में पहली बार इस प्रकार का अनूठा एवं ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन सम्पन्न हुआ। इस भव्य आयोजन में 11000 नारियलों के साथ एक ही आसन पर 108 बार श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूर्ण श्रद्धा, भक्ति एवं अनुशासन के साथ सहभागिता निभाई तथा भगवान श्री हनुमानजी की आराधना कर धर्म लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में 108 पाठ प्रतिदिन करने वाले भक्तों ने एक ही आसन पर बैठकर सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ किया। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा तथा जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयघोष से सम्पूर्ण परिसर गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह एवं आस्था के साथ सामूहिक पाठ में भाग लेकर आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। आयोजन स्थल पर श्री भन्दे बालाजी महाराज का भव्य एवं दिव्य दरबार सजाया गया, जहाँ श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा बालाजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। आकर्षक पुष्प सज्जा, धार्मिक प्रतीकों एवं आध्यात्मिक



वातावरण ने कार्यक्रम की गरिमा को और अधिक बढ़ा दिया। पूरे आयोजन स्थल को जय श्रीराम एवं श्री भन्दे बालाजी महाराज के ध्वजों और पताकाओं से भव्य रूप से सजाया गया। चारों ओर धार्मिक वातावरण, भजन, जयघोष एवं श्रद्धालुओं की आस्था ने आयोजन को अत्यंत दिव्य एवं अलौकिक बना दिया। दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने इस ऐतिहासिक आयोजन में भाग लेकर स्वयं को धन्य महसूस किया। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों महिलाओं ने श्रद्धा एवं भक्ति के साथ भव्य महाआरती की। दीपों की ज्योति एवं मंगल ध्वनि के बीच सम्पन्न हुई महाआरती ने सम्पूर्ण वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके पश्चात हजारों भक्तों ने पंगत प्रसादी ग्रहण कर आयोजन का पुण्य लाभ प्राप्त किया। समिति द्वारा सभी श्रद्धालुओं के लिए सुव्यवस्थित एवं उत्कृष्ट व्यवस्थाएँ की गई थीं।

सभी श्रद्धालुओं को अर्थ सहित हनुमान चालीसा पुस्तकें भेंट की गई ।कार्यक्रम की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई।

पुलिस प्रशासन एवं संबंधित विभागों के सहयोग से आयोजन शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुआ। समिति द्वारा भी स्वयंसेवकों की विशेष टीमें बनाकर श्रद्धालुओं के मार्गदर्शन एवं व्यवस्थाओं का संचालन किया गया। इस अवसर पर समिति के मुख्य संरक्षक श्री श्याम सुन्दर मौसुण, श्री रामस्वरूप यादव, श्री सरदार राजन सिंह, सुखसागर भाटी,श्री महेन्द्र बड़ीवाल, श्री लालाराम चौधरी श्री दिनेश मित्तल, श्री जयनारायण भाँवरिया, श्री महेश बम्ब, श्री कैलाश कुमावत, श्री नीरज शर्मा, श्री मनोज खण्डेलवाल श्री राजेश विजयवर्गीय, श्री बिरदीचन्द जांगिड, श्री मुकेश कुमावत, श्री शिव शंकर गुप्ता (छ्), श्री योगेन्द्र नीखरा श्री ओम कुमावत, श्री रामवतार छीपा, श्री सुरेन्द्र कुमावत, श्री राधेश्याम कुमावत, श्री बिरदी चंद दम्बीवाल श्री लोकेश कुमावत, श्री पंकज शर्मा, श्री शैलेन्द्र यादव, श्री नाथू शर्मा,रमेश विजयवर्गीय,भंवर लाल मामोडिया, आदि भक्त उपस्थित रहे ।

# वैभव सूर्यवंशी टीम से बाहर हुए: पांचवें टी-20 में संजू सैमसन की वापसी

## भारत के खिलाफ इंग्लैंड का पहला विकेट गिरा, स्कोर-17/1

**साउथैम्पटन।** वैभव सूर्यवंशी टीम से बाहर हो गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी-20 में उनकी जगह संजू सैमसन की वापसी हुई है। वैभव सीरीज के तीन मैचों में सिर्फ 42 रन (14, 13 और 15) ही बना सके थे। साउथैम्प्टन के रोज बाउल में ट्रैफिक जाम के कारण टॉस 45 मिनट देरी से हुआ। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। 3 ओवर के बाद इंग्लैंड ने एक विकेट खोकर 17 रन बनाए हैं। कप्तान हैरी ब्रूक और जोस बटलर पिच पर हैं। फिल सॉल्ट को प्रसिद्ध कृष्णा ने आउट किया। इंग्लैंड पहले ही 3-0 से सीरीज जीत चुका है। वहीं, भारत लगातार 6 टी-20 मैचों से जीत का इंतजार कर रहा है। इंग्लैंड के पास यह मुकाबला जीतकर आईसीसी टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 बनने का मौका भी है।

**भारत:** अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, ईशान किशन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा, शिवम दुबे,



सूर्यांश शेडगे, अक्षर पटेल, प्रिंस यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा।

**इंग्लैंड:** फिल सॉल्ट, जोस बटलर (विकेटकीपर), हैरी ब्रूक (कप्तान), जैकब बेथेल, टॉम बैंटन, सैम करन, विल जैक्स, लियम डॉसन, आदिल रशीद, जोफ्रा आर्चर, जोश टंग।

### प्रसिद्ध को पहला विकेट, सॉल्ट आउट

प्रसिद्ध कृष्णा ने भारत को शुरुआती सफलता दिलाते हुए फिल सॉल्ट को 6 रन पर पवेलियन भेज दिया। सॉल्ट ने लेग साइड की ओर शॉट खेला, लेकिन तेज हवा के कारण गेंद ज्यादा दूर नहीं जा सकी और डीप बैकवर्ड स्क्वेयर लेग पर खड़े सूर्यांश शेडगे ने आसान कैच लपक लिया।

### भारत ने पहले गेंदबाजी चुनी, संजू और सूर्यांश को मौका

भारत के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। ट्रैफिक के कारण हुई देरी पर अय्यर ने कहा कि इसका टीम पर कोई असर नहीं पड़ा। भारत ने प्लेइंग-11 में दो बदलाव किए हैं। सूर्यांश शेडगे को वॉशिंगटन सुंदर की जगह और संजू सैमसन को वैभव सूर्यवंशी की जगह मौका मिला है। आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में हार के बाद **BCCI** इस महीने भारतीय टीम का रिव्यू करेगी। बोर्ड सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि टीम उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी है और बोर्ड इसकी वजहों का आकलन करेगा।

### संजू खेल सकते हैं

मैदान पर भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर बैट और ग्लव्स के साथ वार्म-अप करते नजर आए। वहीं सूर्यांश शेडगे भी रन-अप मार्क करते दिखे। इसके अलावा संजू सैमसन के भी खेलने की संभावना जताई जा रही है।

## राममंदिर- रिटायर आईएएस बनेगा सीईओ, 3 साल के लिए नियुक्ति

### नृपेंद्र मिश्रा बोले- चढ़ावा चोरी कलंक, छोटापन महसूस कर रहा



**अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने शनिवार को कहा- यह एक तरह का कलंक है। इसका हम सभी को सिर्फ खेद ही नहीं है, बल्कि हम खुद को छोटा महसूस कर रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि व्यवस्था में सुधार होगा और इस तरह की घटनाएं दोबारा नहीं होंगी। उन्होंने कहा-एक हाईलेवल समिति बनाई गई है। संभवतः जज उसके अध्यक्ष हैं। वे अपना निर्णय और संस्तुति ट्रस्ट को देंगे। ट्रस्ट उस पर विचार करेगा। नृपेंद्र मिश्रा राम मंदिर निर्माण समिति की दूसरे दिन की बैठक में हिस्सा लेने शनिवार को रामकथा संग्रहालय पहुंचे। इससे पहले शुक्रवार को राम मंदिर परिसर में हुई बैठक में ट्रस्ट का कोई सदस्य नहीं पहुंचा था। वहीं, श्रीराम मंदिर में मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की नियुक्ति को लेकर बड़ी खबर है। चयन समिति की ओर से बताया गया है कि सीईओ ऐसा रिटायर्ड आईएएस या उसके समकक्ष अधिकारी होगा, जो कम से कम 20 साल सरकारी सेवा में रहा हो। इसके अलावा उसे किसी मंदिर के संचालन का अनुभव रहा हो। ये नियुक्ति 3 साल के लिए होगी। बाद में ट्रस्ट बोर्ड कार्यकाल बढ़ा भी सकता है। सीईओ को अयोध्या में ही रहना होगा। इधर, गोरखपुर में शुक्रवार रात सपा नेता अरविंद उपेंद्र दत्त शुक्ला ने पोस्टर लगवाए हैं। इसमें लिखा है- राम नाम जपना, श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाया दान अपना। 'रामचंद्र कह गए सिया से, ऐसा कलयुग आएगा, चोर करेगा मंदिर में चोरी, चौकीदार देखता रह जाएगा।' रायबरेली में विश्व हिंदू रक्षा परिषद (विहिप) के राष्ट्रीय महामंत्री राहुल सिंह ने सपा पर पलटवार करते हुए पोस्टर लगवाए हैं। इसमें लिखा है- राम मंदिर के चंदे पर सवाल, आतंकवाद के चंदे पर खामोशी प्रभु राम हमारी आस्था हैं, राजनीति का हथियार नहीं।

## बिना डेटा वाले मोबाइल रिचार्ज प्लान सस्ते हो सकते हैं

### ट्राई ने ड्राफ्ट पेश किया, सुझाव मांगे; 70% तक घट सकती हैं कीमतें

**नई दिल्ली।** बिना डेटा वाले मोबाइल रीचार्ज प्लान सस्ते हो सकते हैं। दूरसंचार नियामक प्राधिकरण इस पर काम कर रहा है। TRAI ने 'दूरसंचार उपभोक्ता संरक्षण विनियम, 2026' का नया मसौदा जारी किया है। इसका मुख्य उद्देश्य है- 'डेटा नहीं चाहिए, तो उसका पैसा क्यों दें?' ट्राई ने इस पर सभी पक्षों से सुझाव मांगे हैं, फिर इसे अंतिम रूप दिया जाएगा।

### क्या है नया प्रस्ताव?

अभी कंपनियां सीमित समय के लिए ही 'केवल कॉल-स्स्र' पैक देती हैं। इससे कई ग्राहकों को मजबूरी में डेटा वाला महंगा प्लान लेना पड़ता है। अब ट्राई ने प्रस्ताव दिया है कि कंपनियां जितने दिनों की वैधता जैसे 7, 28, 56 या 84 दिन का डेटा वाला प्लान लाती हैं, उतनी ही अवधि का 'केवल कॉल व एसएमएस' वाला प्लान भी लाना होगा।

### कीमतें कितनी कम होंगी?

चूंकि मोबाइल प्लान्स में 50-70% खर्च डेटा का होता है, इसलिए नया नियम लागू होने पर सिर्फ कॉल-**SMS** वाले प्लान की कीमत आधी से भी कम हो सकती है। उदाहरण के लिए, 300 रुपए का प्लान 100 से 150 रुपए में मिल सकता है।

# वियतनाम में टूरिस्ट बोट पलटी, 15 भारतीयों की मौत

## 32 भारतीय सवार थे, इनमें ज्यादातर तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के पर्यटक

**वियतनाम।** वियतनाम के फु क्वोक द्वीप के पास शनिवार को बोट पलट गई। बोट पर कुल 4 क्रू मेंबर्स समेत 36 लोग सवार थे। रॉयटर्स के मुताबिक, इनमें से 32 भारतीय थे। 2 महिलाएं समेत 15 भारतीयों की मौत हो गई। ज्यादातर तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के पर्यटक थे। 21 लोगों को बचा लिया गया है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक हादसा सुबह 10:30 बजे हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे की वजह समुद्र की ऊंची लहरें हो सकती हैं। जो वीडियो सामने आए, उनमें लहरें उठती दिख रही हैं। बताया जा रहा है कि टूरिस्ट लाइफ जैकेट नहीं पहने हुए थे। नाव जब पलटी तो टूरिस्ट नाव के नीचे फंस गए।



### हादसे पर पीएम मोदी और राष्ट्रपति मुर्मू ने दुख जताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस दुर्घटना पर गहरा दुख जताया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि इस हादसे में जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति उनकी गहरी संवेदनाएं हैं। साथ ही घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत का दूतावास और वाणिज्य दूतावास हरसंभव मदद पहुंचा रहे हैं। भारतीय अधिकारी वियतनाम के अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में हैं। वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि इस दुखद हादसे से वह बेहद दुखी हैं। राष्ट्रपति ने परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं भी व्यक्त कीं।

### फु क्वोक द्वीप से रवाना हुई नाव

बोट भारतीय पर्यटकों को फु क्वोक द्वीप के पास स्थित 'होन मे रुट' से न्गोआई द्वीप घुमाने ले जा रही थी, लेकिन यह तट से लगभग 400 मीटर पहले ही पलट गई।

न्गोआई द्वीप अपने साफ समुद्र, छोटे बीच और कोरल रीफ डाइविंग के लिए मशहूर है। यहां पहुंचने के लिए पर्यटक आमतौर पर एन थोई बंदरगाह से बोट या स्पीडबोट किराये पर लेते हैं।

### तेलंगाना के सीएम ने अधिकारियों को तुरंत अलर्ट किया

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर गहरा दुख जताया। मुख्यमंत्री कार्यालय के मुताबिक, भारतीयों की मौत की सूचना मिलते ही सीएम ने अधिकारियों को तुरंत अलर्ट किया। उन्होंने मुख्य सचिव को विदेश मंत्रालय और वियतनाम में भारतीय दूतावास के अधिकारियों से संपर्क कर राहत कार्य तेज करने और जरूरी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### हेल्पलाइन नंबर जारी, कंट्रोल रूम बनाया

इंडियन एंबेसी ने बताया कि यात्रियों की मदद के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। इससे संपर्क करने के लिए हेल्पलाइन नंबर +84 36 281 7930, +84 91 552 37 14 और +84 33 452 0414 जारी किए गए हैं।

### 32 भारतीयों में 2 महिलाएं भी बोट में सवार थी

वियतनाम में भारतीय दूतावास ने बोट में सवार भारतीयों के नाम जारी किए हैं। इसमें 2 महिलाएं भी शामिल है, जिनकी मौत की पुष्टी हो गई है। न्यूज एजेंसी क्र के मुताबिक, 3 आंध्र प्रदेश के नागरीक घायल है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# ईरानी सुप्रीम लीडर बोले-पिता खामेनेई की मौत का बदला लेंगे

## ट्रम्प बोले- ईरान पर 1000 मिसाइलें तानीं, मुझे मारने की कोशिश की तो तबाह कर देंगे

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने अपने पिता अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार के बाद पहली बार संदेश जारी किया। अल जजीरा के मुताबिक, उन्होंने कहा- 'मैं अपने पिता के बेगुनाह खून का बदला जरूर लूंगा,यह ही हमारे देश की भी इच्छा है।' मुजतबा ने अंतिम संस्कार में शामिल हुए लाखों लोगों का आभार जताया और अपने पिता को श्रद्धांजलि भी दी। उन्होंने कहा कि लोगों की भारी मौजूदगी ने दुश्मनों को करारा जवाब दिया और यह एक ऐतिहासिक पल था। दूसरी ओर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अगर ईरान ने उनकी हत्या की कोशिश की तो ईरान को पूरी तरह तबाह कर दिया जाएगा।



ट्रुथ सोशल पर ट्रम्प ने लिखा कि ईरान की ओर 1000 मिसाइलें तैयार हैं और जरूरत पड़ने पर हजारों और मिसाइलें दागी जाएंगी।

### 6 बार हो चुकी है ट्रम्प की हत्या की कोशिश

**ईरान बोला- इजराइल ने हमला किया तो नही बचेगा:** ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल ने कहा कि अगर इजराइल ने उसके अहम ठिकानों पर फिर हमला किया तो कड़ा जवाब दिया जाएगा। इससे पहले इजराइली पीएम नेतन्याहू ने हमले की चेतावनी दी थी।

**अमेरिका बोला- होर्मुज पर ईरान का कंट्रोल नहीं:** अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने ईरान के उस दावे को खारिज कर दिया कि होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर उसका नियंत्रण है। CENTCOM ने कहा कि अब तक 800 से ज्यादा कारोबारी जहाजों और 38 करोड़ बैरल कच्चा तेल होर्मुज पार कर गया है।

**कतर ने अमेरिका और ईरान से तनाव कम करने की अपील की:** कतर ने दोनों देशों से समझौते का पालन करने और बातचीत जारी रखने की अपील की। साथ ही होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की सुरक्षित आवाजाही बनाए रखने पर जोर दिया। **रूस बोला- ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी ने अमेरिका-इजराइल का साथ दिया:** NSC की आपात बैठक में रूस की प्रतिनिधि ने आरोप लगाया कि ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने ईरान के नागरिक ढांचे पर अमेरिका और इजराइल के हमलों का समर्थन किया। **IEA की चेतावनी- तेल आपूर्ति पर खतरा:** अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने कहा कि अमेरिका-ईरान तनाव बढ़ा तो वैश्विक तेल आपूर्ति प्रभावित हो सकती है और ऊर्जा संकट लंबा खिंच सकता है।

### एक्सपर्ट बोले- होर्मुज पर नियंत्रण छोड़ना ईरान को मंजूर नहीं

तेहरान की यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर मोस्तफा खोशचेश्म ने अल जजीरा से कहा कि होर्मुज स्ट्रेट हमेशा से ईरान के नियंत्रण में रहा है और ईरानी लोग युद्ध के बाद इस पर अपना नियंत्रण छोड़ना मंजूर नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि युद्ध के दौरान होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से तेल की कीमतें तेजी से बढ़ीं और यह ईरान का सबसे बड़ा दबाव बनाने वाला हथियार बन गया।

## मोदी बोले- मैं 25 साल पुराना मफलर पहनकर न्यूजीलैंड आया

### यहीं मुझे गिफ्ट मिला था, हमारे लिए देश की जनसंख्या नहीं, उनकी भावना मायने रखती है



**ऑकलैंड।** पीएम मोदी ने शनिवार को न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने करीब तीन दशक पुराना किस्सा सुनाया। पीएम ने कहा- 25-30 साल पहले जब मैं किसी सरकार का हिस्सा नहीं था, तब मुझे यहां आने का मौका मिला था। उस समय मुझे किसी ने गिफ्ट में 3 चीजें दीं, जो मैं भारत लेकर गया। एक- मफलर, दूसरी- कैप और तीसरा- एक सेट दस्ताना। उसमें भी एक चीज मैं अभी यहां इस कार्यक्रम में भी लेकर आया हूं। इस मफलर को मैंने कई बार इस्तेमाल किया और आज भी संभाल कर रखा है। पीएम ने आगे कहा कि हमारे लिए सामने वाले देश की जनसंख्या नहीं, जनकल्याण की भावना मायने रखती है। और इसलिए हमने न्यूजीलैंड से भी बहुत कुछ सीखा है और अब भी सीख रहे हैं। इस कार्यक्रम के बाद मोदी भारत के लिए रवान हो गए। इससे पहले मोदी ने प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इसमें 18 बड़े फैसले और 10 समझौतों पर साइन किए गए। दोनों नेताओं ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना बढ़ाकर करीब ?35 हजार करोड़ करने का लक्ष्य रखा। सरकारी मीडिया संस्थान रेडियो न्यूजीलैंड की रिपोर्ट के मुताबिक, नरेंद्र मोदी 2001 में बीजेपी नेता के तौर पर न्यूजीलैंड गए थे। वेलिंगटन में उन्होंने सरकारी प्रतिनिधियों से मुलाकात की थी। यह दौरा उनके सीएम बनने से कुछ महीने पहले हुआ था।

# स्विगी इंस्टामार्ट से सड़े अंडे, खराब दूध मिलने का आरोप

## शिकायत करने वाले को रिफंड करके मामला दबाया, FSSAI ने 9 नोटिस जारी किए

**नई दिल्ली।** फूड रेगुलेटर FSSAI ने क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म स्विगी इंस्टामार्ट को 9 नोटिस जारी किए हैं। FSSAI को शिकायत मिली थी कि प्लेटफॉर्म ने उन्हें सड़े अंडे, खराब दूध और एक्सपायरी डेट वाले पैक्ड फूड डिलीवर किया। FSSAI ने स्विगी इंस्टामार्ट से इस पूरे मामले पर स्पष्टीकरण और कम्पलायंस रिपोर्ट मांगी है। यदि कंपनी तय समय में सही जवाब नहीं देती है, तो उसके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

### बच्चे का खराब खाना वापस लेकर दोबारा भेजा

FSSAI ने ग्राहकों से मिली शिकायतों की डिटेल साझा करते हुए बताया कि एक बेहद गंभीर मामले में बच्चों के खाने का प्रोडक्ट बेहद खराब और असुरक्षित हालत में डिलीवर किया गया था। इस प्रोडक्ट में खराबी थी और इसे गलत तरीके से स्टोरेज करने की बात सामने आई थी । इतना ही नहीं ग्राहक द्वारा इसे वापस करने के बाद भी कथित तौर पर इसी खराब प्रोडक्ट को दोबारा सप्लाई कर दिया गया। इसके अलावा, ग्राहकों ने स्विगी इंस्टामार्ट के जरिए खराब अंडे, खराब दूध और डैमेज पैकेज्ड फूड आइटम्स की डिलीवरी मिलने की भी शिकायतें की हैं।

### बिना वैलिड लाइसेंस के बिक रहा था सामान

जांच के दौरान FSSAI ने पाया कि प्लेटफॉर्म पर वेंडर्स के ऑनबोर्डिंग और वेरिफिकेशन सिस्टम में बड़ी कमियां हैं। स्विगी इंस्टामार्ट पर कुछ ऐसे फूड बिजनेस लिस्टेड पाए गए जिनका FSSAIलाइसेंस नंबर या तो गलत था, इनवैलिड था या फिर था ही नहीं। इतना ही नहीं, कई फूड बिजनेस पार्टनर्स को उन नामों के तहत लिस्ट किया गया था जो उनके




आधिकारिक FSSAI रजिस्ट्रेशन नाम से बिल्कुल अलग थे। इससे फूड प्रोडक्ट्स की ट्रेसिबिलिटी यानी वो सामान कहा आया है ये पता लगाना और उनकी क्वालिटी मॉनिटरिंग पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

### शिकायत पर गंभीर नहीं था प्लेटफॉर्म

FSSAI के मुताबिक, ग्राहकों ने यह भी आरोप लगाया कि शिकायत दर्ज कराने या मामले को आगे बढ़ाने के बाद भी स्विगी इंस्टामार्ट की तरफ से कोई संतोषजनक रिस्पॉन्स या सुधारात्मक कदम नहीं उठाया गया। एक शिकायतकर्ता ने बताया कि फूड सेफ्टी से जुड़ी इतनी गंभीर चिंता पर ध्यान देने के बजाय प्लेटफॉर्म ने केवल पैसे रिफंड करके अपना पल्ला झाड़ लिया। FSSAI ने साफ किया है कि यह नोटिस सेलर ऑनबोर्डिंग, शिकायत निवारण सिस्टम और फूड सेफ्टी कम्प्लायंस सिस्टम की कमियों को उजागर करता है।

### FSSAI बोली- कई और कंपनियों पर भी एक्शन

फूड रेगुलेटर पिछले कुछ समय से नियमों का उल्लंघन करने वाले फूड बिजनेस ऑपरेटर्स के खिलाफ काफी सख्त है। **FSSAI**ने स्विगी इंस्टामार्ट को दिए गए इन 9 नोटिस की जानकारी खुद अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके दी है। रेगुलेटर ने बताया कि ये नोटिस ग्राहकों की शिकायतों के साथ-साथ खुद संज्ञान लेकर जारी किए गए हैं। हाल ही में **FSSAI** ने देश की कई बड़ी एनर्जी ड्रिंक्स निर्माताओं, शराब कंपनियों, फूड ब्रांड्स और अन्य क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स को भी नियमों की अनदेखी के लिए नोटिस भेजे हैं।

### अगर आपको खराब खाना मिले तो क्या करें?

ग्राहक **FSSAI**के **'Food Safety Connect'** ऐप या नेशनल कंज्यूमर हेल्पलाइन पर सीधे शिकायत दर्ज करा सकते हैं। केवल रिफंड लेना समाधान नहीं है, एक्सपायर्ड खाना सेहत के लिए जानलेवा हो सकता है।

### भारत में तेजी से बढ़ रहा क्विक-कॉमर्स मार्केट

भारत में क्विक-कॉमर्स मार्केट (स्विगी इंस्टामार्ट, ब्लिंकिट, जैप्टो) बहुत तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन फास्ट डिलीवरी के चक्कर में डार्क स्टोर्स पर क्वालिटी चेक और प्रॉपर कोल्ड स्टोरेज की कमी एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है।

## सुप्रीम कोर्ट महाराष्ट्र सरकार से बोला- आपको पब्लिक में बेनकाब करेंगे

### मुकदमों की सुनवाई में तेजी नहीं लाने पर फटकारा, विदेशी नागरिक की जमानत का मामला




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जमानत का विरोध करने, लेकिन मुकदमों की सुनवाई में तेजी नहीं लाने पर महाराष्ट्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार हर मामले में जमानत का विरोध करती है, लेकिन ट्रायल जल्द पूरा कराने के लिए जरूरी कदम नहीं उठाती। कोर्ट ने चेतावनी दी कि अगर यही स्थिति रही तो वह सरकार को पब्लिक में बेनकाब करेगा। PTI की रिपोर्ट के मुताबिक जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस शील नागू की बेंच एक विदेशी नागरिक की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी। आरोपी अपहरण और हत्या के मामले में गिरफ्तार है। उसने कोर्ट को बताया कि वह पिछले चार साल से जेल में है और इस दौरान उसका मामला ट्रायल कोर्ट में 86 बार लिस्ट हुआ, लेकिन उसे 53 बार कोर्ट में पेश ही नहीं किया गया।

### चार साल में सिर्फ दो गवाहों की गवाही

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आरोपी को ट्रायल कोर्ट में पेश नहीं करना महाराष्ट्र सरकार की गंभीर चूक है। अदालत ने कहा कि चार साल में 34 में से सिर्फ दो गवाहों की गवाही हो पाई है। यह स्थिति परेशान करने वाली है।

### महाराष्ट्र ने कहा- अब हर तारीख पर पेश किए जा रहे आरोपी

महाराष्ट्र सरकार की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि अब राज्य सभी आरोपियों को हर सुनवाई की तारीख पर ट्रायल कोर्ट में पेश कर रहा है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यों को मुकदमों की सुनवाई तेज करने के लिए स्पष्ट नीति बनानी चाहिए। अदालत ने ट्रायल कोर्ट को निर्देश दिया कि हर सप्ताह कम से कम चार गवाहों की गवाही दर्ज की जाए और इस आदेश को रिकॉर्ड पर रखा जाए। बेंच ने यह भी कहा कि अगर भविष्य में इस तरह के मामले अदालत के सामने आए तो ऐसे ही कड़े आदेश पारित किए जाएंगे।

## देश के 70% हिस्से से मानसूनी बादल गायब

### राजस्थान समेत 7 राज्यों में अगले 5 दिन बारिश नहीं; उत्तराखंड में बारिश-लैंडस्लाइड से 120 सड़कें बंद

**भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना।** पूर्वी मध्य प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र समेत देश के 7 राज्यों में अगले 5 दिन कम बारिश होने की संभावना है। ऐसा इसलिए, क्योंकि देश के 70% हिस्से से बादल गायब हो गए हैं। IMD की नई सैटेलाइट तस्वीरों और विंडी.कॉम के मुताबिक बादल पूर्व और पूर्वोत्तर के राज्यों जैसे-उत्तराखंड, यूपी, बिहार, मेघालय, मिजोरम और त्रिपुरा की तरफ चले गए हैं। इधर के देश के जिन हिस्सों में मानसून थोड़ा बहुत सक्रिय है, वहां सड़कों पर पानी भरने, नदियो में बाढ़ आने जैसी घटनाएं हो रही हैं। यूपी के हापुड़ में तेज बारिश से अंडरपास में पानी भर गया। बिजनौर में गंगा और उसकी सहायक मालन नदी उफान पर है। प्रदेश में 3 दिन में 15 लोगों की मौत हो चुकी है।

## रेप के आरोपी ने जमानत मिलते ही 6 हत्याएं कीं: पहले पत्नी-बच्चों, फिर पीड़ित और उसके परिवार को मार डाला, तेलंगाना की घटना

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले में नाबालिग से रेप के एक आरोपी ने शुक्रवार रात जमानत पर बाहर आते ही 6 हत्याएं कर दीं। पहले उसने अपनी 30 साल की पत्नी, 4 साल और 18 महीने के दो बेटों की हत्या की। इसके बाद वह करीब 6 किलोमीटर दूर दूसरे गांव पहुंचा। जहां उसने 17 साल की रेप पीडित, उसकी मां और नानी को भी मार दिया। लडकी ने 16 मई को पॉक्सो एक्ट के तहत आरोपी राजकुमार के खिलाफ रेप का केस दर्ज कराया था।

### परिवार बोला- पहले ही मारने की धमकी दी थी

लडकी के मामा नरेश ने बताया, उसने मेरी चाची और भांजी की हत्या कर दी। उसने पहले भी लड़की को परेशान किया था और उस पर पोस्को के तहत मामला दर्ज किया गया। उसने धमकी दी थी वह एक-दो हफ्ते में पूरे परिवार को मार डालेगा। मामला दर्ज होने के बाद भी उसे पूछताछ या रिमांड के लिए नहीं ले जाया



गया। उसके परिवार को पता था कि वह कहां है, लेकिन पुलिस को इसकी जानकारी नहीं थी और मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। घटना के 20 दिन बाद हमने उन्हें फिर से बताया कि वह घूम रहा है और कह रहा है कि वह लड़की को मार डालेगा। उन्होंने कहा कि वे उसे ढूंढ रहे हैं।

मामला दर्ज होने के सिर्फ दो दिन बाद ही वह जमानत पर बाहर आ गया था। उसने रिश्वत दी थी और मामला दबा दिया गया। अब उसने लड़की की हत्या कर दी है और यह सब पुलिस की लापरवाही की वजह से हुआ है। उन्हें सस्पेंड किया जाना चाहिए और आरोपी को हमारे हवाले कर देना चाहिए।

### क्या है पॉक्सो कानून

**POCSO** एक विशेष कानून है, जो नाबालिग बच्चों के खिलाफ होने वाले यौन अपराधों की रोकथाम और सख्त कानूनी कार्रवाई के लिए 2012 में लागू किया गया था। 18 साल से कम उम्र का हर व्यक्ति बच्चा माना जाता है। मामलों की सुनवाई के लिए विशेष पोस्को कोर्ट बनाई जाती हैं। पीड़ित बच्चे की पहचान उजागर करना कानूनन अपराध है। गंभीर मामलों में उम्रकैद या मृत्युदंड तक की सजा का प्रावधान है (2019 संशोधन के बाद)।

## 2029 से लागू हो सकता है वन नेशन वन इलेक्शन

### संसदीय समिति के अध्यक्ष बोले- 99% लोग पक्ष में, राज्यों के विशेषज्ञों से सलाह ले रहे

**नई दिल्ली।** संसद की संयुक्त समिति कोशिश कर रही है कि 2029 के लोकसभा चुनावों तक 'वन नेशन वन इलेक्शन' लागू हो सके। समिति के अध्यक्ष पीपी चौधरी के मुताबिक, अब तक चर्चा में शामिल लगभग 99% नागरिक और संगठनों ने इसका समर्थन किया है। समिति ने गोवा के मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्रियों सहित कई राज्यों के विशेषज्ञों से इस पर सलाह ली है। गोवा दौरे पर गए समिति के सदस्य और भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि बार-बार चुनाव से छोटे राज्य गोवा पर इतना प्रभाव पड़ता है, तो बड़े राज्यों और पूरे देश पर इसका असर और भी ज्यादा होता होगा। उन्होंने बताया कि समिति का अगला दौरा लखनऊ का होगा, जहां मुख्यमंत्री, विपक्ष के नेता, राजनीतिक दलों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों से चर्चा की जाएगी। जेपीसी 17 जुलाई को अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देकर संसद में पेश करेगी।



### आखिर इसका क्या मतलब है?

लोकसभा, विधानसभा, स्थानीय निकायों के चुनाव अलग-अलग कराने के बजाय एक साथ कराना।

### जिन राज्यों का कार्यकाल 2029 के बाद भी बचा होगा, उनका क्या होगा?

संविधान संशोधन के जरिए उन राज्यों के कार्यकाल को समय से पहले ही समाप्त करके 2029 के चुनावी चक्र के साथ जोड़ा जाएगा।

### जिनका कार्यकाल 2029 से पहले खत्म हो रहा होगा, उनका क्या होगा?

वहां कुछ समय के लिए राष्ट्रपति शासन लग सकता है या फिर केवल 2029 तक के लिए चुनाव संभव।

### इसमें क्या कानूनी चुनौतियां आएंगी?

कई अनुच्छेदों (जैसे 83, 172, 356) में संशोधन करना होगा। संसद में दो-तिहाई बहुमत और आधे राज्यों की मंजूरी चाहिए। इस नए प्रस्ताव के तहत मध्यावधि चुनाव पूरे 5 साल के लिए नहीं कराए जाएंगे, बल्कि केवल बचे हुए कार्यकाल के लिए ही कराए जाएंगे, ताकि अगला मुख्य चक्र न बिगड़े।

### वन नेशन, वन इलेक्शन पर सुरक्षित रास्ता भी तलाश रही सरकार

केंद्र सरकार वन नेशन वन इलेक्शन के लिए सुरक्षित रास्ता तलाश रही है। इसके लिए बनी जेपीसी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक समिति टू-फेज ट्रांजिशन मॉडल पर विचार कर रही है, जिससे राज्यों में बार-बार चुनाव कराने या विधानसभाओं के कार्यकाल में बहुत बड़ी कटौती करने की जरूरत न पड़े। पूरे देश को एक साथ चुनावी चक्र में लाने के बजाय दो चरणों- 2029 और 2034 में बढ़ने का विकल्प सबसे व्यावहारिक माना जा रहा है। पहले चरण में 2029 के लोकसभा चुनाव के साथ करीब 20 राज्यों के विधानसभा चुनाव कराए जा सकते हैं।

संयुक्त संसदीय समिति की अवधि 2026 के मानसून सत्र तक बढ़ाई जा चुकी है। ऐसे में 2029 से चुनावी चक्र एक करने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। वहीं, 2034 तक पूरे देश को साझा चुनावी चक्र में लाने का लक्ष्य है।

### संविधान में गुंजाइश है, लेकिन सहमति पर जोर

लॉ कमीशन के पूर्व सदस्य और मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी के लॉ कॉलेज के डीन आनंद पालीवाल ने कहा कि एक देश-एक चुनाव को चरणबद्ध तरीके से लागू करने के लिए संवैधानिक विकल्प मौजूद हैं। कुछ राज्यों में विधानसभा का कार्यकाल पूरा होने से पहले चुनाव कराए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों में कार्यकाल बढ़ाने के विकल्प भी हैं। भारत में पहले भी विशेष परिस्थितियों में लोकसभा और विधानसभाओं के कार्यकाल में बदलाव किए गए हैं। हालांकि किसी भी व्यापक बदलाव के लिए संसद द्वारा आवश्यक कानूनी प्रावधान और राजनीतिक सहमति जरूरी होगी।

### पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में पैनल का गठन

एक राष्ट्र-एक चुनाव पर विचार करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता में 2 सितंबर 2023 को एक पैनल का गठन किया गया था। इस पैनल ने हितधारकों-विशेषज्ञों के साथ चर्चा और 191 दिनों के शोध के बाद 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी।

### 1967 तक साथ हुए लोकसभा और विधानसभा चुनाव

1952 से 1967 तक यानी चार बार लोकसभा व अधिकांश विधानसभा चुनाव साथ हुए। 1967 के बाद कई राज्यों में सरकारें गिरने लगीं। 1968-69 में कई विधानसभाएं भंग हुईं और 1970 में लोकसभा भी कार्यकाल पूरा होने से पहले भंग हो गई। इससे देश का साझा चुनावी चक्र बिखर गया। 1971 में लोकसभा के मध्यावधि चुनाव हुए और राज्यों में चुनाव अलग-अलग समय पर होने लगे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रदीप कुमार सोलंकी द्वारा महानगर मल्टीमीडिया प्रा. लि. जी-848, फेज 3, रीको सीतापुरा, जयपुर (राज.) से मुद्रित एवं 227-हीरालाल की गली, झालाना, मालवीय नगर, जयपुर (राज.) से प्रकाशित।
सम्पादकः प्रदीप कुमार सोलंकी, मो. 93510-01100, Email: atulyasansar@gmail.com संपादकीय कार्यालयः जगतपुरा फ्लाईओवर के पास, जगतपुरा जयपुर।